भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 637

उत्तर देने की तारीख 6 फरवरी, 2024

17 माघ, 1945 (शक)

खेलों में महिलाओं की प्रतिभागिता

637. श्री मोहम्मद फैजल पी.पी.:

श्री बैन्नी बेहननः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा 'करेंगे कि:

(क) आठ से अधिक राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) में महिला प्रतिनिधि नहीं होने को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा खेल प्रबंधन और प्रशासन में महिलाओं की सक्रिय प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(ख) खेलों में महिलाओं की प्रतिभागिता को सीमित करने वाले सांस्कृतिक और सामाजिक मुद्दों से निपटने के लिए सरकार की क्या योजना है; और

(ग) इस बात को ध्यान में रखते हुए कि 76 प्रतिशत से अधिक किशोरियां शारीरिक क्रिया-कलापों में शामिल नहीं होती हैं, लड़कियों के लिए मनोरंजक खेलों और फिटनेस को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): खेल राज्य का विषय होने के कारण देश में महिला एथलीटों को बढ़ावा देने सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार केवल उनके प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, यह मंत्रालय देशभर में विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों को कार्यान्वित कर रहा है जो जेंडर न्यूट्रल हैं तथा पुरुष तथा महिला खिलाड़ियों दोनों के लिए समान प्रतिभागिता को बढ़ावा देती हैं। इन स्कीमों में (i) खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता; (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को

पेंशन; (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण स्कीम; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन शामिल है। इन स्कीमों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है ।

साई की विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के अंतर्गत 3375 महिलाओं सहित कुल 8639 एथलीटों को 34 खेल विधाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है। चयनित एथलीटों को महिला कोचों सहित विशेषज्ञ कोचों, खेल उपकरण, भोजन और आवास आदि के रूप में सहायता दी जाती है।

इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया स्कीम के ''महिलाओं के लिए खेल'' नामक उप-घटक के तहत ऐसी खेल विधाओं पर बल दिया जाता है जिनमें महिलाओं की प्रतिभागिता कम है। इस पहल के तहत विभिन्न खेलो इंडिया महिला लीग आयोजित की जा रही हैं। अब तक देशभर में 19 खेल विधाओं में महिला लीग आयोजित की जा चुकी हैं। 52086 प्रतिभागियों के साथ महिला एथलीटों के लिए 479 प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। इस पहल के माध्यम से देशभर में खेलों में महिलाओं की प्रतिभागिता में काफी वृद्धि हुई है और महिला एथलीटों को सभी आयु समूहों में प्रतिस्पर्धा करने, सीखने और आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर प्राप्त हुए हैं । 22 अगस्त, 2023 को महिला लीगों के लिए अस्मिता (अचिविंग स्पोटर्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वूमन थ्रू एक्शन) नामक पोर्टल भी शुरू किया गया है। इसके अतिरिक्त, अस्मिता लोगो को खेलो इंडिया महिला लीग के साथ एकीकृत किया गया है जिसकी टैगलाइन ''खेल से ही पहचान'' है और इस प्रकार खेलों के माध्यम से महिलाओ एथलीटों को पहचान दी गई है। खेलो इंडिया स्कीम के तहत प्रतिभावान एथलीटों को खेलो इंडिया गेम्स, राष्ट्रीय चैंपियनशिप, संबंधित राष्ट्रीय खेल परिसंघों और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित ओपन सलेक्शन ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर चयनित/ अभिज्ञात भी किया जाता है। अब तक खेलो इंडिया स्कीम के तहत विभिन्न खेल विधाओं में 1341 महिला एथलीटों को अभिज्ञात किया गया है ।

खेलों में महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक विशेष पहल के रूप में मार्च, 2023 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया ''दस का दम'' खेल प्रतियोगिता भी शुरू की गई थी। देशभर के विभिन्न हिस्सों में 1 लाख से अधिक महिला एथलीटों की भागीदारी के साथ 1500 स्पर्धाएं आयोजित की गई ।

साथ ही, इस मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के तहत होनहार खिलाड़ियों को जेंडर का भेदभाव किए बिना आधुनिक खेल विज्ञान, संबंधित खेल विधाओं के विशेषज्ञों के तहत विदेशी एक्सपोजर और भारतीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा मान्यताप्राप्त अंतरराष्ट्रीय

स्पर्धाओं/ प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के रूप में सहायता प्रदान की जाती है । टीओपीएस विकास समूह के तहत एथलीटों को 25,000 रु. प्रतिमाह और टीओपीएस कोर समूह के तहत एथलीटों को 50,000 रु. प्रतिमाह पॉकेट भत्ता दिया जाता है । वर्तमान में, टीओपीएस के तहत विभिन्न खेल विधाओं में 104 उत्कृष्ट महिला एथलीटों को कवर किया गया है।

****